रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-15052026-272608
CG-DL-E-15052026-272608

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 326] | नई दिल्ली बुधवार, मई 13, 2026/वैशाख 23, 1948 |
| No. 326] | NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 13, 2026/VAISAKHA 23, 1948 |


**रेल मंत्रालय**

**(रेलवे बोर्ड)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 11 मई, 2026

**सा.का.नि. 360(अ).—** राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा नियम, 2026 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं .–** इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) किसी ग्रेड के संबंध में "नियुक्त प्राधिकारी" से वह प्राधिकारी अभिप्रेत है जो भारतीय रेल स्थापना संहिता, जिल्द-I, के उपबंधों के अधीन उस ग्रेड में नियुक्ति करने के लिए सशक्त है;

(ख) "नियत दिन" से वह तारीख अभिप्रेत है जब ये नियम प्रवृत्त हों;

(ग) किसी ग्रेड के संबंध में "अनुमोदित सेवा" से अभिप्रेत है -

(i) उस ग्रेड में सीधे भर्ती किए गए किसी अधिकारी के संबंध में, उस वर्ष से, जब सीधी भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, अगले वर्ष के जुलाई मास की पहली तारीख से उस ग्रेड में की गई नियमित सेवा की अवधि या अवधियां, जिसमें अनुपस्थिति की वह अवधि या अवधियां सम्मिलित हैं जिसके दौरान उसने ग्रेड में नियमित आधार पर तब पदधारित किया रहता, यदि वह छुट्टी पर नहीं होता या उस पद को धारित करने के लिए अन्यथा उपलब्ध नहीं होता;

(ii) उस ग्रेड में विभागीय परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए गए किसी अधिकारी के संबंध में उस वर्ष के जुलाई मास की पहली तारीख से, जिसकी रिक्तियों के लिए ऐसी परीक्षा आयोजित की गई थी, ग्रेड में की गई नियमित सेवा की अवधि या अवधियां, जिसमें अनुपस्थिति की वह अवधि या अवधियां सम्मिलित है जिसके दौरान उसने ग्रेड में नियमित आधार पर उस दशा में ऐसा पद धारित किया रहता, यदि वह छुट्टी पर नहीं होता या उक्त पद पर धारित करने के लिए अन्यथा उपलब्ध नहीं होता;

(iii) निम्नतर ग्रेड में सेवाकाल के आधार पर ग्रेड में भर्ती किए गए किसी अधिकारी के संबंध में उस वर्ष के जुलाई मास की पहली तारीख से, जिसके लिए भर्ती की गई थी, ग्रेड में की गई नियमित सेवा की अवधि या अवधियां जिसमें अनुपस्थिति की वह अवधि या अवधियां सम्मिलित हैं जिसके दौरान उसने ग्रेड में नियमित आधार पर उस दशा में पदधारित किया रहता है जिसके दौरान यदि वह छुट्टी पर नहीं होता या उक्त पद धारित करने के लिए अन्यथा उपलब्ध नहीं होता:

परंतु उपखंड (i), (ii) और (iii) में उल्लिखित मामलों में से किसी में भी नियुक्ति ग्रहण करने में नब्बे दिन से अधिक का विलंब हो तो वह विलंब उस अधिकारी की किसी त्रुटि से नहीं होना चाहिए;

(घ) सेवा की किसी ग्रेड के संबंध में "प्राधिकृत संख्या" से उस ग्रेड में ड्यूटी पदों की वह संख्या, जो नियम 5 में यथाविनिर्दिष्ट है, अभिप्रेत है जिसके प्रति नियमित नियुक्तियां की जा सकेंगी;

(ङ) "संवर्ग" से रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) में उच्च प्रशासनिक ग्रेड (सलाहकार), वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (संयुक्त सचिव या कार्यकारी निदेशक), वरिष्ठ चयन ग्रेड (निदेशक), चयन ग्रेड (उप सचिव या संयुक्त निदेशक), ग्रेड-I (अवर सचिव या उप निदेशक), अनुभाग अधिकारी और सहायक अनुभाग अधिकारी के पदों का समूह अभिप्रेत है;

(च) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के किसी भी ग्रेड में नियुक्त अधिकारियों के संबंध में "संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी" से रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) अभिप्रेत है;

(छ) किसी भी ग्रेड के संबंध में "संवर्ग अधिकारी" से रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के सदस्य अभिप्रेत हैं;

(ज) "आयोग" से संघ लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(झ) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में "निर्णायक तिथि" से उस वर्ष की जुलाई की पहली तारीख अभिप्रेत है, जिसमें परीक्षा आयोजित की जाती है;

(ञ) "सीधी भर्ती" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसकी भर्ती कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भर्ती की गई विभागीय प्रतियोगी परीक्षा से भिन्न, किसी प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर भर्ती की गई है;

(ट) सेवा की किसी ग्रेड के संबंध में "ड्यूटी पद" से वह संवर्ग पद अभिप्रेत है जो सेवा के अधिकारियों ने उस ग्रेड के किसी पद में मूल आधार पर धारित किया हुआ है;

(ठ) "पात्र अधिकारी" से ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है जिसने रेल मंत्रालय द्वारा विहित संवर्ग प्रशिक्षण योजना, यदि कोई हो, के अंतर्गत अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और जो नियम 8, 9 और 10

के अधीन रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा की, यथास्थिति, उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड, ग्रेड-I, अनुभाग अधिकारी और सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड में नियुक्ति के लिए विचार किए जाने का पात्र हो, उस कैलेंडर वर्ष की 1 जुलाई को जिसके लिए चयन सूची तैयार की जाती है;

(ड) "चयन क्षेत्र" से पात्र अधिकारियों की वह सूची अभिप्रेत है, जिसमें से चयन सूची में शामिल करने के लिए चयन किया जाएगा;

(ढ) "ग्रेड" से नियम 3 में विनिर्दिष्ट कोई ग्रेड अभिप्रेत है;

(ण) "सरकार" से रेल मंत्रालय, भारत सरकार अभिप्रेत है;

(त) सेवा की किसी ग्रेड के संबंध में "सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा" से, यथास्थिति, संघ लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उस ग्रेड के लिए अभ्यर्थियों के चयन के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा अभिप्रेत है;

(थ) "मंत्रालय" से भारत सरकार का रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) अभिप्रेत है;

(द) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में अधिसूचित जातियां और समुदाय अभिप्रेत हैं;

(ध) "स्थायी अधिकारी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे सेवा में पुष्टिकरण किया गया है;

(न) "दिव्यांग व्यक्ति" से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (2016 का 49) की धारा 2 के खंड (ध) में परिभाषित दिव्यांग व्यक्ति अभिप्रेत है;

(प) "परिवीक्षाधीन" से वह अधिकारी अभिप्रेत है जिसे सहायक अनुभाग अधिकारी की ग्रेड में सीधे भर्ती किया गया है या प्रोन्नत किया गया है या नियमित रिक्ति के लिए परिवीक्षा पर ग्रेड-I में नियुक्त किया गया है;

(फ) किसी ग्रेड के संबंध में "वरिष्ठता की सीमा" से उस ग्रेड को चयन सूची में जोड़ने के लिए वरिष्ठता सूची में केन्द्रीय सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा विनिर्दिष्ट सीमा अभिप्रेत है;

(ब) किसी ग्रेड के संबंध में "नियमित अधिकारी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे सीधी भर्ती के माध्यम से या सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से या चयन सूची से प्रोन्नति के माध्यम से नियमित रिक्ति के लिए नियुक्त किया गया है और जिसने नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार नियम 12 के अधीन परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है;

(भ) किसी ग्रेड के संबंध में "नियमित रिक्तियाँ" में पदधारियों की मृत्यु, सेवानिवृत्ति, प्रोन्नति, त्यागपत्र, प्रतिनियुक्ति या स्थानांतरण या एक वर्ष से अधिक लंबी छुट्टी से उत्पन्न रिक्तियां सम्मिलित हैं;

(म) "अनुसूची" से इन नियमों की अनुसूची अभिप्रेत है;

(य) "अनुसूचित जाति" तथा "अनुसूचित जनजाति" के वही अर्थ होंगे, जो संविधान के अनुच्छेद 366 के क्रमश: खंड (24) तथा (25) द्वारा उनके लिए निर्दिष्ट हैं;

(य क) "चयन सूची" से वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड, ग्रेड -I, अनुभाग अधिकारी ग्रेड तथा सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड के संबंध में, यथास्थिति, नियम 8 के उपनियम (6), नियम 9 के उपनियम (3) या नियम 10 के उपनियम (5) के अधीन बनाए गए विनियमों के अनुसार तैयार की गई चयन सूची अभिप्रेत है;

(य ख) "चयन" से रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा की किसी भी ग्रेड के लिए चयन सूची में शामिल होना अभिप्रेत है;

(य ग) "सेवा" से रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा अभिप्रेत है;

(य घ) किसी भी ग्रेड के संबंध में "वरिष्ठता सूची" से उस ग्रेड के अधिकारियों की नियत तिथि को वरिष्ठता सूची अभिप्रेत है, जिसे संबंधित विनियमों के अनुसार वार्षिक रूप से पुनरीक्षित किया जाता है;

(य ङ) "विचाराधीन क्षेत्र" से पात्र अधिकारियों की सूची अभिप्रेत है जिसमें से चयन सूची में नाम शामिल किये जायेंगे;

**3. सेवा की संरचना.-** (1) सेवा में सात ग्रेड होंगे, जिन्हें नीचे दी गई सारणी में दो समूहों में वर्गीकृत किया गया है:-

**सारणी**

| क्र.सं. | पद समूह | ग्रेड | वर्गीकरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 'क' | उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड (सलाहकार) | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'क' अनुसचिवीय |
| 2. | 'क' | वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (संयुक्त सचिव या कार्यकारी निदेशक) | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'क' अनुसचिवीय |
| 3. | 'क' | वरिष्ठ चयन ग्रेड (निदेशक) | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'क' अनुसचिवीय |
| 4. | 'क' | चयन ग्रेड (उप सचिव या संयुक्त निदेशक) | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'क' अनुसचिवीय |
| 5. | 'क' | ग्रेड-I (अवर सचिव या उप निदेशक) | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'क' अनुसचिवीय |
| 6. | 'ख' | अनुभाग अधिकारी | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'ख' (राजपत्रित) अनुसचिवीय |
| 7. | 'ख' | सहायक अनुभाग अधिकारी | रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा समूह 'ख' (अराजपत्रित) अनुसचिवीय |

(2) उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड, ग्रेड-I तथा अनुभाग अधिकारी ग्रेड के पद राजपत्रित पद होंगे तथा सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड के पद अराजपत्रित पद होंगे

**4. रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारियों की संयुक्त पदक्रम सूची.–** नियम 3 में विनिर्दिष्ट सेवा के प्रत्येक ग्रेड के लिए एक संयुक्त पदक्रम सूची होगी जिसे वरिष्ठता सूची कहा जाएगा।

**5. सेवा की प्राधिकृत संवर्ग संख्या.-** सेवा की विभिन्न ग्रेडों की प्राधिकृत संख्या और वेतन मैट्रिक्स में स्तर अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुसार होंगे

**6. संवर्ग अधिकरियों द्वारा धारित किए जाने वाले ड्यूटी पद.-** सेवा में प्रत्येक ड्यूटी पद, समुचित ग्रेड के संवर्ग अधिकारी द्वारा धारित किया जाएगा।

**7. पुष्टिकरण.-** रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के सभी अधिकरियों की पुष्टि सेवा में प्रवेश स्तर पर केवल एक बार की जाएगी।

**8. उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड और ग्रेड-I में भर्ती. -**

(1) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड में नियमित रिक्ति को, समय-समय पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के परामर्श से केन्द्रीय सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा तय किए गए मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के नियमित अधिकारी की पदोन्नति द्वारा भरी जाएगी।

(2) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में नियमित रिक्तियां उन नियमित अधिकारियों की प्रोन्नति से भरी जाएंगी, जिन्होंने रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के चयन ग्रेड में आठ वर्ष की अनुमोदित सेवा की हो और जिन्हें न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि के लिए वरिष्ठ चयन ग्रेड के पद के लिए उपयुक्त माना गया हो और जो उप-नियम (6) के अधीन तैयार की गई वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित हों।

(3) वरिष्ठ चयन ग्रेड में नियमित रिक्तियां चयन ग्रेड के उन नियमित अधिकारियों की प्रोन्नति से भरी जाएंगी, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम पांच वर्ष की अनुमोदित सेवा की हो और जो उप-नियम (6) के अधीन तैयार की गई वरिष्ठ चयन ग्रेड के लिए चयन सूची में सम्मिलित हों:

परंतु जहां पांच वर्ष की अनुमोदित सेवा वाले पात्र अधिकारियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो, वहां चयन ग्रेड के नियमित अधिकारी, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो और ग्रेड-I में उनकी नियुक्ति से कम से कम दस वर्ष की अनुमोदित सेवा की हो, वे भी प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे।

(4) चयन ग्रेड में नियमित रिक्तियां ग्रेड-I के ऐसे नियमित अधिकारियों की प्रोन्नति से भरी जाएंगी, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम पांच वर्ष की अनुमोदित सेवा की हो और उप-नियम (6) के अधीन चयन ग्रेड के लिए तैयार की गई चयन सूची में सम्मिलित हों।

(5) ग्रेड-I में नियमित रिक्तियां अनुभाग अधिकारी ग्रेड के उन नियमित अधिकारियों की प्रोन्नति से भरी जाएंगी, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम आठ वर्ष की अनुमोदित सेवा की हो और उप-नियम (6) के अधीन तैयार की गई सेवा के ग्रेड-I के लिए चयन सूची में सम्मिलित हों।

(6) उप-नियम (2), (3), (4) और (5) के प्रयोजनों के लिए, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड और ग्रेड-I के लिए चयन सूची वार्षिक रूप से तैयार और प्रकाशित की जाएगी और चयन सूचियों को तैयार करने और पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया विनियमों में यथा उपबंधित होगी:

परंतु ग्रेड-I के लिए चयन सूची आयोग के परामर्श से तैयार की जाएगी।

**9. अनुभाग अधिकारी ग्रेड में भर्ती.-** (1) अनुभाग अधिकारी ग्रेड में नियमित रिक्तियों को अनुभाग अधिकारी ग्रेड के लिए चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की नियुक्ति से भरा जाएगा, जिसमें पचास प्रतिशत सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड के नियमित अधिकारियों में से होंगे, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम आठ वर्ष की अनुमोदित सेवा प्रदान की हो और पचास प्रतिशत सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित व्यक्तियों में से होंगे।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के नियम विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट होंगे:

परंतु यदि किसी भर्ती वर्ष में संवर्ग इकाई में रिक्तियां भरने के लिए अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो तो सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा द्वारा या ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा, अपूरित रिक्तियों को अग्रेनीत की जाएंगी और उन्हें अगले वर्ष में भरी जाने वाली भर्ती के उसी तरीके की रिक्तियों की संख्या में जोड़ा जाएगा:

परंतु यह और कि उक्त अपूरित रिक्तियों को उस वर्ष के पश्चात् जिससे कि भर्ती संबंधित है, दो भर्ती वर्षों से अधिक के लिए अग्रेषित नहीं किया जाएगा और इसके पश्चात् यदि भर्ती की एक रीति से संबंधित रिक्तियां, अपूरित रह जाएं तो उन्हें भर्ती की अन्य रीति के लिए अतिरिक्त रिक्तियों के तौर पर अंतरित किया जाएगा।

(3) अनुभाग अधिकारी ग्रेड के लिए चयन सूची तैयार करने और पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया विनियमों में विनिर्दिष्ट की जाएगी।

**10. सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड में भर्ती.-** (1) सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड में नियमित रिक्तियों का पचहत्तर प्रतिशत, कंप्यूटर में दक्षता प्राप्त स्नातकों की सीधी भर्ती से भरा जाएगा, जैसा कि रेल मंत्रालय से कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस प्रयोजन के लिए वर्ष में एक बार आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के परिणामों के आधार पर अधिसूचित किया जाएगा और शेष पच्चीस प्रतिशत रिक्तियां सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड के लिए चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की नियुक्ति से भरी जाएंगी, जिसमें रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के वरिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड के नियमित अधिकारियों में से कुल पंद्रह प्रतिशत शामिल होंगे, जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम दस वर्ष की अनुमोदित सेवा प्रदान की हो और दस प्रतिशत, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के वरिष्ठ सचिवालय सहायकों के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित व्यक्तियों में से होंगे, जिसका आयोजन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस प्रयोजन के लिए वर्ष में एक बार किया जाएगा।

परंतु कि पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचित तिथि को नियमित आधार पर वरिष्ठ सचिवालय सहायक का पद धारण करने वाले अधिकारियों के लिए पात्रता सेवा पांच वर्ष की अनुमोदित सेवा जारी रहेगी।

परंतु यह और कि जहां दस वर्ष की अनुमोदित सेवा वाले पात्र वरिष्ठ सचिवालय सहायकों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं है, वहां मल्टी-टास्किंग स्टाफ ग्रेड से वरिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड तक इक्कीस वर्ष की अनुमोदित सेवा (वरिष्ठ सचिवालय सहायक के रूप में न्यूनतम पांच वर्ष की अनुमोदित सेवा सहित) प्रदान करने वाले अधिकारी भी सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड की चयन सूची में सम्मलित होने के लिए पात्र होंगे।:

परंतु यह भी कि भर्ती वर्ष 2004 और भर्ती वर्ष 2011 के लिए रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के संवर्ग पुनर्संरचना से उत्पन्न सहायक अनुभाग अधिकारी की परिणामी रिक्तियों को वरिष्ठता के माध्यम से वरिष्ठ सचिवालय सहायक से भरा गया समझा जाएगा।

(2) जिन व्यक्तियों का नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया है उनकी नियुक्ति, उस चयन सूची में वरिष्ठता के क्रम में की जाएगी।

(3) इस नियम के प्रयोजन के लिए सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड की चयन सूची वार्षिक रूप से तैयार की जाएगी और प्रकाशित की जाएगी।

(4) उप-नियम (1) में यथानिर्दिष्ट प्रतियोगी परीक्षाओं और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के नियम, विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट होंगे।

(5) सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड के लिए चयन सूची तैयार और पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट होगी।

**11. विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना.-** सेवा के विभिन्न ग्रेडों के लिए विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट होगी ।

**12. परिवीक्षा.-** (1) प्रत्येक अधिकारी, चाहे वह सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड में सीधे भर्ती किया गया हो या प्रोन्नत किया गया हो या ग्रेड-I में नियुक्त किया गया हो, प्रारंभ में परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा और परिवीक्षा की अवधि, नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की होगी।

(2) उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट परिवीक्षा की अवधि, यदि नियुक्ति प्राधिकारी उपयुक्त समझे, किसी भी मामले में बढ़ाई जा सकेगी, परंतु परिवीक्षा बढ़ाए जाने की कुल अवधि, उस स्थिति को छोड़कर जहां अधिकारी के विरूद्ध लंबित किसी विभागीय या विधिक कार्यवाहियों के कारण आवश्यक हो, एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान, सेवा के सदस्य से केंद्रीय सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा समय-समय पर विहित प्रशिक्षण प्राप्त करना और परीक्षा उत्तीर्ण करना अपेक्षित होगी।

**13. परिवीक्षा का समापन.-** (1) परिवीक्षा अवधि या विस्तारित परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो, पूरा होने पर, नियुक्त प्राधिकारी द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार अधिकारी के कार्यों का मूल्यांकन करेगा, और या तो घोषित करेगा:-

(क) कि परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूरी हो गई है;

(ख) कि परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूरा नहीं हुआ है; या

(ग) नियम 12 के उप-नियम (2) के अधीन परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जानी है।

(2) जब परिवीक्षा पर चल रहे सीधे भर्ती किया गया अधिकारी, नियुक्ति प्राधिकारी के समाधान के लिए परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूरा कर लेता है, तो वह सेवा में पुष्टि के लिए पात्र होगा और जब ऐसा अधिकारी अपनी परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूरा नहीं करता है, तो उसे नियम 14 के अनुसार सेवामुक्त या प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा।

(3) एक अधिकारी तब तक परिवीक्षा पर रहेगा, जब तक कि उसे इस नियम के अधीन पुष्टि नहीं कर दिया जाता है या नियम 14 के अधीन सेवा मुक्त या प्रत्यावर्तित नहीं कर दिया जाता है।

**14. परिवीक्षाधीन व्यक्ति की सेवामुक्ति या प्रत्यावर्तन.-** (1) एक परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिस पर केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर धारणाधिकार नहीं है, वह बिना किसी सूचना के किसी भी समय सेवा से उन्मोचित किए जाने का दायी होगा, यदि -

(i) परिवीक्षा के दौरान उसके कार्य निष्पादन या आचरण के आधार पर उसे सेवा में आगे बनाए रखने के लिए अयोग्य माना जाता है; या

(ii) उसकी राष्ट्रीयता, आयु, स्वास्थ्य या पूर्ववृत्त से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर, नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि वह सेवा का सदस्य होने के लिए अपात्र या अन्यथा अयोग्य है।

(2) जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति का केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर धारणाधिकार हो उसे उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट किसी भी समय किसी भी परिस्थिति में उक्त पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

(3) जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को नियम 12 के उप-नियम (1) में विहित परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर या उस नियम के उप-नियम (2) के अधीन परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि के अंत में, यदि कोई हो, की पुष्टि के लिए उपयुक्त न समझा गया हो उसे, यथास्थिति, उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अनुसार सेवामुक्त या प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा।

(4) सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड या ग्रेड-I में सीधी भर्ती से भिन्न सेवा के ऐसे परिवीक्षाधीन सदस्य को नियम 12 के उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट परिवीक्षा अवधि या उस नियम के उप-नियम (2) के अधीन परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो, के दौरान या समाप्ति पर उस ग्रेड में बने रहने के लिए उपयुक्त न समझा गया हो उसे, यथास्थिति, सेवा की ठीक नीचे की ग्रेड में या रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा की उस संबंधित ग्रेड में प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा जिससे वह सेवा के ग्रेड में परिवीक्षा पर नियुक्त किया गया था :

परंतु इस प्रकार नीचे की ग्रेड में प्रत्यावर्तित अधिकारी की परिवीक्षा पर उच्चतर ग्रेड में नियुक्ति के लिए, ऐसे प्रत्यावर्तन की तारीख से एक वर्ष पूरा होने के बाद ही पुनर्विचार किया जाएगा।

**15. वरिष्ठता.-** (1) नियत दिवस से पहले किसी ग्रेड में नियुक्त सेवा के सदस्यों की सापेक्षिक वरिष्ठता, उक्त तारीख से पहले यथा अवधारित उनकी सापेक्षिक वरिष्ठता द्वारा विनियमित की जाएगी:

परंतु यदि ऐसे किसी अधिकारी की वरिष्ठता उस तारीख से पहले विनिर्दिष्ट रूप से निर्धारित न की गई हो, तो वह रेल मंत्रालय, केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा निर्धारित होगी।

(2) नियत दिवस के बाद किसी ग्रेड में नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता निम्नलिखित अनुसार निर्धारित की जाएगी, अर्थात्:-

I. **उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, वरिष्ठ चयन ग्रेड, चयन ग्रेड, ग्रेड-I और अनुभाग अधिकारी :-**

नियुक्ति के दिन के पश्चात् उस ग्रेड में नियुक्त अधिकारियों की परस्पर वरिष्ठता उन आदेशों से विनियमित की जाएगी जिन आदेशों में उनके नाम ग्रेड के लिए चयन सूची में सम्मिलित किए गए हों।

II. **सहायक अनुभाग अधिकारी ग्रेड :-**

(क) सीधी भर्ती वाले अभ्यर्थियों को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर प्राप्त अंतिम रैंकिंग के आधार पर मेरिट के क्रम में परस्पर रैंक किया जाएगा, पूर्व परीक्षा द्वारा भर्ती हुए अभ्यर्थियों की वरिष्ठता रैंक पश्चात् की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के रैंक से पहले निर्धारित की जाएगी :

परंतु आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए गए व्यक्तियों की वरिष्ठता समूह 'ख' केन्द्रीय सिविल सेवा पर लागू ऐसी होगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएगी।

(ख) ग्रेड के लिए चयन सूची से ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्त व्यक्तियों का परस्पर पदक्रम इस प्रकार रैंक किया जाएगा जिसमें वे नियुक्त किए जाते हैं।

(ग) ग्रेड में सीधी भर्ती द्वारा भर्ती किए गए व्यक्तियों और ग्रेड के लिए चयन सूची से ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों की सापेक्ष वरिष्ठता विनियमों के उपबंधों के अनुसार नियमित की जाएगी।

**16. वेतन का विनियमन.-** (1) विभिन्न ग्रेडों के अधिकारियों का वेतन एवं वेतनवृद्धि भारतीय रेल स्थापना संहिता और समय-समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए वेतन से संबंधित अन्य ऐसे ही रेल नियमों और आदेशों के अनुसार विनियमित की जाएंगी।

(2) किसी ग्रेड में परिवीक्षाधीन का वेतन, नियोक्ता प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुरूप परिवीक्षा का प्रत्येक वर्ष पूरा करने और विहित की गई आवधिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर, समय-वेतनमान में एक प्रक्रम बढ़ाया जाएगा।

**17. विनियमन.-** केन्द्रीय सरकार का रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) इन नियमों को प्रभावी करने के प्रयोजन से प्रावधान करने के लिए उन सभी मामलों के लिए इन नियमों से सुसंगत विनियम बना सकेगा, जिनके लिए उपबंध करना आवश्यक या समीचीन है।

**18. अवशिष्ट मामले.-** ऐसे मामलों के संबंध में जो इन नियमों या विनियमों या उसके अंतर्गत किए गए या जारी आदेशों या विशेष आदेशों में विनिर्दिष्ट रूप से शामिल नहीं हैं, सेवा के सदस्य सामान्यतः रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा और केन्द्रीय सिविल सेवा के लिए लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

**19. शिथिल करने की शक्ति.-** (1) केंद्रीय सरकार का रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) यदि इस बात से संतुष्ट है कि इनमें से किसी नियम के लागू होने से व्यक्तियों या पदों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के लिए अनुचित कठिनाई पैदा हो रही हैं, तो वह आयोग के परामर्श से, नियमों की अपेक्षाओं की ऐसी सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो वह आवश्यक समझे, समाप्त कर सकेगी या शिथिल कर सकेगी।

(2) केंद्रीय सरकार का रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) यदि इस बात से संतुष्ट है कि इन नियमों के अधीन बनाए गए किसी विनियम के लागू होने से व्यक्तियों या पदों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के लिए अनुचित कठिनाई पैदा हो रही हैं, तो वह इन

नियमों के अधीन बनाए गए विनियमों की अपेक्षाओं को ऐसी सीमा तक और शर्तों के अध्यधीन, जो वह आवश्यक समझे, समाप्त या शिथिल कर सकेगी।

**20. आरक्षण.-** इन नियमों की कोई भी बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए, केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी आदेशों के अनुसार दिए जाने वाले अपेक्षित आरक्षण, छूट और अन्य रियायतों को प्रभावित नहीं करेगी।

**21. निर्वचन.-** यदि इन नियमों या इसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठता है तो, निर्णय केन्द्रीय सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा निश्चित किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

**22. निरसन और व्यावृत्ति.-** समय-समय पर यथासंशोधित रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा नियम, 1969 और उसके अधीन बनाए गए विनियम इसके द्वारा पूर्ववर्ती नियमों या विनियमों और ऐसे प्रारंभ से तत्काल पहले प्रवृत्त, के अंतर्गत किसी अधिसूचना, नियम, विनयम, जारी आदेश या नोटिस या की गई नियुक्ति या घोषणा, या दी गई छूट या अधिरोपित शास्ति या जुर्माना या की गई कोई चीज या की गई कोई कार्रवाई, जहां तक यह इन नियमों के उपबंधों के असंगत नहीं हैं, इन नियमों के सदृश उपबंधों के अधीन जारी किया गया, प्रदत्त किया, बताया गया या लिया गया समझा जाएगा।

## अनुसूची

**(नियम 5 देखें)**

रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा की विभिन्न ग्रेडों की प्राधिकृत संख्या

| वेतन मैट्रिक्स या वेतनमान में ग्रेड और स्तर# | संस्वीकृत संख्या * |
|---|---|
| उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड (सलाहकार)<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-15 (रू. 182200–224100) | 1 |
| वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (संयुक्त सचिव या कार्यकारी निदेशक)<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-14 (रू. 144200–218200) | 5 |
| वरिष्ठ चयन ग्रेड (निदेशक)<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 (रू. 123100–215900) | 25 |
| चयन ग्रेड (संयुक्त निदेशक या उप सचिव)<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (रू. 78800–209200) | 64 |
| ग्रेड-I (अवर सचिव या उप निदेशक)<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (रू. 67700–208700) | 139 |
| अनुभाग अधिकारी<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-8 (रू. 47600–151100)<br>टिप्पण- उस ग्रेड की अनुमोदित सेवा के चार वर्ष पूरे होने पर वेतन मैट्रिक्स में स्तर-10 में गैर-कार्यात्मक वेतन (56100-177500 रुपये) | 276 |

| | |
|---|---|
| सहायक अनुभाग अधिकारी<br>वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रू. 44900-142400) | 412 |
| **कुल** | **922** |

*कार्यभार/संवर्गीकरण/संवर्ग-पुनर्गठन आदि के आधार पर परिवर्तन हो सकता है।

# समय-समय पर सरकार द्वारा जारी वेतन मैट्रिक्स या वेतनमान में स्तर पर लागू आदेशों के अधीन।

**टिप्पण-** जिन अनुभाग अधिकारियों को यह गैर-कार्यात्मक वेतनमान दिया गया है, वे समूह ख (राजपत्रित) में बने रहेंगे और सेवा के ग्रेड-I (अवर सचिव या उप निदेशक) के पद पर प्रोन्नति के लिए उनकी पात्रता की गणना, अनुभाग अधिकारी के दोनों वेतनमानों में एक साथ गणना की गई कुल अवधि के आधार पर की जाएगी।

[फा. सं. ईआरबी-1/2012/11/2]

वी.एस. दहिया, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF RAILWAYS**

**(Railway Board)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th May, 2026

**G.S.R. 360(E).—** In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules, namely:-

**1. Short title and commencement.**- (1) These rules may be called the Railway Board Secretariat Service Rules, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Definitions.-** In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) “appointing authority” in relation to any Grade means the authority empowered under the provisions of Indian Railway Establishment Code, Volume-I, to make appointments to that Grade;

(b) “appointed day” means the date on which these rules come into force;

(c) “approved service” in relation to any Grade means -

(i) in respect of an officer recruited directly to that Grade, the period or periods of regular service rendered in that Grade, including the period or periods of absence during which he would have held a post on regular basis in that Grade but for his being on leave or otherwise not being available to hold such post, from the first day of July of the year, following the year in which the examination for direct recruitment was held;

(ii) in respect of an officer recruited to that Grade through departmental examination, the period or periods of regular service rendered in that grade, including the period or periods of absence during which he would have held a post on regular basis in that grade, but for his being on leave or otherwise not being available to hold such post, from the first day of July of the year for vacancies of which such examination was held;

(iii) in respect of an officer recruited to that Grade on the basis of length of service in the lower Grade, the period or periods of regular service rendered in that Grade, including the period or periods of absence during which he would have held a post on regular basis in that Grade, but for his being on leave or otherwise not being available to hold such post, from the first day of July of the year for which the recruitment was made:

Provided that where there is a delay of more than ninety days in joining on appointment, in any of the cases mentioned in the sub-clauses (i), (ii) and (iii), such delay should not be due to any fault on the part of the officer;

(d) "authorised strength" in relation to any Grade of the Service means the strength of duty posts in that Grade, as specified in rule 5, against which regular appointments may be made;

(e) "cadre" means the group of posts in the Grades of Higher Administrative Grade (Adviser), Senior Administrative Grade (Joint Secretary or Executive Director), Senior Selection Grade (Director), Selection Grade (Deputy Secretary or Joint Director), Grade-I (Under Secretary or Deputy Director), Section Officer and Assistant Section Officer in the Ministry of Railways (Railway Board);

(f) "cadre controlling authority" in relation to officers appointed to any Grade of Railway Board Secretariat Service means the Ministry of Railways (Railway Board);

(g) "cadre officer" in relation to any Grade means a member of the Railway Board Secretariat Service;

(h) "Commission" means the Union Public Service commission;

